Ans. (a) : जे.बी. कृपलानी राजस्थान से संविधान सभा के सदस्य नहीं थे जबकि जय नारायण व्यास, हीरालाल शास्त्री तथा वी.टी. कृष्णामाचारी सहित 12 सदस्य राजस्थान से संविधान सभा के सदस्य चुने गए थे। संविधान सभा में राजस्थान से हस्ताक्षर करने वाले पहले व्यक्ति उदयपुर के बलवंत सिंह मेहता थे।

39. राजस्थान के किस जिले में सबसे अधिक विधानसभा सींटे है?

(a) जयपुर (b) अलवर
(c) जोधपुर (d) उदयपुर

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (a) : राजस्थान में विधान सभा की कुल 200 सीटें है जिनमें सबसे अधिक 19 सीटें राजधानी जयपुर जिले के अर्न्तगत आती है। जबकि उदयपुर जिले में 7 सीटें जोधपुर जिले में 9 सीटें तथा अलवर जिले के अर्न्तगत 10 विधान सभा सीटें आती है राज्य में लोक सभा की 25 सीटें तथा राज्य सभा की 10 सीटें है।

40. कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए–
I. महाधिवक्ता को राज्य की विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने का अधिकार है।
II. उसे राज्य की विधानसभा में वोट देने का अधिकार है।
निम्न में से कौन सा सही है?

(a) केवल कथा I सही है
(b) केवल कथन II सही है
(c) I व II दोनों कथन सही है
(d) I व II दोनों कथन गलत हैं

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (a) : प्रत्येक राज्यों में महाधिवक्ता की नियुक्ति भारतीय संविधान के अनुच्छेद-165 के तहत राज्यपाल के द्वारा की जाती है जो राज्य की सर्वोच्च विधि अधिकारी होती है। महाधिवक्ता राज्य के विधानसभा एवं विधान परिषद की कार्यवाही में भाग ले सकता है, साथ ही सदनों में बोलने का भी अधिकार रखता है परन्तु वह राज्य की विधानसभा में वोट देने का अधिकार नही रखता है।

41. निम्न में से कौन राजस्थान के प्रथम विपक्ष के नेता थे?

(a) जसवंत सिंह (b) लक्ष्मण सिंह
(c) परमसराम मदेरणा (d) रामनारायण चौधी

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (a) : राजस्थान राज्य की प्रथम विधानसभा 29 मार्च, 1952 को गठित हुई जो 23 मार्च 1957 तक चली। इस पहली विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता 'कुवर जसवंत सिंह' थे। वर्तमान 15वीं विधानसभा (2018) में भाजपा के गुलाब चन्द्र कटारिया विपक्षी दल के नेता चुने गये है।

42. जोधपुर में निम्न में से कौनसी छतरी स्थित नहीं है?

(a) जसवंत थड़ा (b) मामा भांजा की छतरी
(c) 8 खंभों की छतरी (d) मण्डोर की छतरी

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (c) : 8 खम्भों की छतरी जोधपुर में स्थित नही है। 8खम्भों की छतरी बांडोली (उदयपुर) में, सरिस्का (अलवर म), तथा मांडलगढ़ (भीलवाड़ा) में स्थित है। राजा, महाराजाओं का जहाँ अंतिम संस्कार होता था, उस स्थान पर उनकी स्मृति में जो इमारत बनाई जाती थी उसे छतरी कहा जाता है।

43. मत्स्य संघ के प्रशासन को चलाने के लिए गठित मंत्री मंडल में निम्न में से कौन शामिल नहीं था?

(a) मास्टर भोलानाथ (b) चिरंजीलाल शर्मा
(c) डॉ. मंगल सिंह (d) रमेश कुमार

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (d) : मत्स्य संघ का उद्घाटन 18 मार्च, 1948 को केन्द्रीय मंत्री एन. वी. गाडगिल ने किया था। धौलपुर के शासक उदयभान सिंह राजप्रमुख नियुक्त करके एक मंत्रिमण्डल का गठन किया गया। शोभाराम संघ के प्रधानमंत्री बने। मंत्रिमण्डल में गोपीलाल यादव (भरतपुर), मास्टर भोलानाथ (अलवर), डॉ. मंगल सिंह (धौलपुर) व चिरंजीलाल शर्मा (करौली) शामिल किए गए। स्पष्ट है कि रमेश कुमार इसमें शामिल नहीं थे।

44. ईवीएम मशीन में नोटा बटन का उपयोग पहली बार कौन से विधानसभा चुनाव में किया गया था?

(a) ग्याहरवाँ विधानसभा चुनाव 1998
(b) बारहवाँ विधानसभा चुनाव 2003
(c) तेरहवाँ विधानसभा चुनाव 2008
(d) चौदहवाँ विधानसभा चुनाव 2013

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (d) : नोटा (NOTA–None of the above) का सर्वप्रथम प्रयोग भारत में राजस्थान के 14वें विधानसभा चुनाव-2013 के साथ म.प्र., छत्तीसगढ़ व मिजोरम तथा संघ शासित क्षेत्र दिल्ली के विधानसभा चुनावों-2013 में नोटा का प्रयोग किया गया था। वर्ष 2014 से पूरे भारत में नोटा लागू कर दिया गया।

45. लोक सभा में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व कितने सदस्य करते हैं?

(a) 12 (b) 16
(c) 20 (d) 25

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

RPSC RAS/RTS 2003

Ans. (d) : लोक सभा में राजस्थान के प्रतिनिधि सदस्यों की संख्या 25 है। संविधान के अनुच्छेद 81 के तहत लोकसभा में सदस्यों की संख्या अधिकतम 552 हो सकती है। वर्तमान में यह सदस्य संख्या 545 है।

46. निम्नलिखित में से किस जिले में राजस्थान विधान सभा की बैठक (विधान भवन) होती है?

(a) जयपुर (b) अजमेर
(c) जोधपुर (d) उदयपुर

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (a) : राजस्थान विधान सभा की बैठक (विधान सभा) जयपुर में होती है। यहाँ विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 200 है। राजस्थान में एक सदनीय व्यवस्थापिका का प्रावधान है, जिसे 'विधानसभा' कहते हैं।

47. लोकसभा में राजस्थान से चुनी गई अनुसूचित जनजाति की पहली महिला संसद है-

(a) श्रीमती वसुंधरा राजे (b) शारदा देवी
(c) सुशीला बंगारू (d) उषा मीना

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022